http://www.mpboardonline.com

Roll No: ....................

**M-191171**

कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2018–19

# HINDI SPECIAL

## हिन्दी विशिष्ट

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश –*

*(i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल कीजिए।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1X5X5=25 अंक निर्धारित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 –4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।*

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×5=5)

(i) छात्रावास में महादेवी वर्मा की पहली साथिन ............ थीं। (जेबुन्निसा / सुभद्राकुमारी चौहान)

(ii) कवियों ने ............ की बोली का बखान किया है। (मोर / कोयल)

(iii) डॉ. नगेन्द्र ने ............ विमान से नेपाल की यात्रा की थी। (फोकर फ्रेंडशिप / इण्डिगो)

(iv) शब्द–शक्तियाँ ............ प्रकार की होती हैं। (पाँच / तीन)

(v) 'एक पंथ ............ काज' प्रसिद्ध मुहावरा है। (दो / चार)

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1×5=5)

(i) यमदूत को चकमा दिया था –

(अ) नारद जी ने (ब) भोलाराम के जीव ने

(स) भोलाराम की पत्नी ने (द) चित्रगुप्त ने

(ii) 'आदर्शवादी बिक नहीं सकता' प्रेरक प्रसंग में गुप्त जी के बेटे ने कमीज खरीदी थी –

(अ) चालीस रुपये की (ब) चार सौ रुपये की

(स) चार रुपये की (द) अस्सी रुपये की

(iii) शांत रस का स्थायी भाव है –

(अ) निर्वेद (ब) जुगुप्सा

(स) करुणा (द) वत्सल

(iv) 'ग्राम' शब्द है –

(अ) तत्सम (ब) विदेशी

(स) तद्भव (द) देशज

(v) कजरी गाई जाती है –

(अ) वर्षा ऋतु में (ब) शीत ऋतु में

(स) ग्रीष्म ऋतु में (द) बसंत ऋतु में

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.3 सत्य/असत्य का चयन कीजिए – (1×5=5)

(i) शंकर (आदि शंकराचार्य) की माता का नाम आर्यम्बा था।

(ii) कबीरदास ने संसार को पागल कहा है।

(iii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को रॉयल्टी के 108 रुपये प्राप्त हुए थे।

(iv) जिस काव्य को सुनने में आत्मा द्रवित हो जाए, वहाँ प्रसाद गुण होता है।

(v) विस्मयादिबोधक वाक्य के अंत में प्रश्नवाचक चिन्ह लगाया जाता है।

प्र.4 सही जोड़ी बनाइए – (1×5=5)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कोणार्क | – | वीरेन्द्र मिश्र |
| (ii) | गगन का पर्यायवाची | – | सूर्य मंदिर |
| (iii) | बरसो रे | – | पशुपतिनाथ |
| (iv) | काठमाण्डू | – | नभ |
| (v) | करुण रस का स्थायी भाव | – | सुमित्रानंदन पंत |
| | | – | शोक |
| | | – | विश्वनाथ मंदिर |

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×5=5)

(i) जीवमात्र किसका आधार है?

(ii) सेनापति के अनुसार किस ऋतु में सूर्य – चन्द्रमा के समान दिखाई देता है?

(iii) इत्यादि के माता – पिता का नाम लिखिए।

(iv) 'घमण्ड चूर करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(v) हिन्दी के एक महाकाव्य एवं उसके रचनाकार का नाम लिखिए।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.6 तुलसीदास के अनुसार श्री राम के चरणों में किन – किन का उद्धार हुआ है? (2)

**अथवा**

बालकृष्ण चन्द्र खिलौना लेने के लिए क्या – क्या हठ करते हैं?

प्र.7 कवि सेनापति ने बसंत को ऋतुराज क्यों कहा है? (2)

**अथवा**

गोपियों पर श्रीकृष्ण की बाँसुरी का क्या प्रभाव पड़ता है?

प्र.8 शिवाजी के नगाड़ों की आवाज सुनकर दुश्मन राजाओं की क्या दशा होती है? (2)

**अथवा**

कवि शिवमंगल सिंह 'सुमन' के अनुसार विराम कब तक नहीं है?

प्र.9 कौआ और कोयल का भेद कब ज्ञात होता है? (2)

**अथवा**

अच्छे लोग संपत्ति का संचय क्यों करते हैं?

प्र.10 'विश्वास की साँझ' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? (2)

**अथवा**

राधा, दुःखी माता यशोदा को क्या कहकर सांत्वना देती है?

प्र.11 मीता के विदेश न जाने के पीछे क्या भावना थी? (2)

**अथवा**

गाँधी जी के अनुसार ईश्वर रूप हुए बिना मनुष्य को क्या नहीं मिलता?

प्र.12 प्राचीन संयुक्त परिवार के सदस्य किस प्रकार रहते थे? (2)

**अथवा**

'तत्वोपदेश' नामक ग्रंथ में किसके उपदेश संग्रहित हैं?

प्र.13 लेखिका महादेवी वर्मा और उनकी सहेलियाँ जेब खर्च के पैसे क्यों बचाती थीं? (2)

**अथवा**

नीरा के पिता को किस बात की चिंता थी?

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.14 'समय का मोल' आलेख के अनुसार जीवन का क्या लक्ष्य होना चाहिए? (2)

**अथवा**

सरजू भैया का घर और खेत कैसे बर्बाद हो गए?

प्र.15 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक – एक शब्द लिखिए – (2)

(i) जानने की इच्छा रखने वाला।

(ii) जिसका बहुत प्रभाव हो।

**अथवा**

दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

उत्पत्ति , दण्ड, अनन्त, निरर्थकता

प्र.16 महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

भ्रांतिमान और संदेह अलंकार में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र.17 डॉ. रमन की कार्यप्रणाली से आप किस प्रकार प्रेरणा ग्रहण करेंगे? (3)

**अथवा**

'सवा सेर गेहूँ' कहानी के आधार पर शंकर के चरित्र की तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्र.18 भाव विस्तार कीजिए – http://www.mpboardonline.com

"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" (3)

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

(i) रास्ता में कट जाता है डिब्बे के डिब्बे मालगाड़ी के ।

(ii) फाइल लाओ केस की भोलाराम के बड़े बाबू से।

(iii) क्या आप खाना खा लिए है।

प्र.19 कुंडलियाँ छन्द की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। (3)

**अथवा**

अभिधा शब्द –शक्ति की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.20 हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने कालों में विभक्त किया गया है? नाम लिखकर समय अवधि लिखिए।

**अथवा**

भक्तिकाल की विभिन्न धाराओं का वर्गीकरण कर उनके प्रमुख कवियों के नाम भी लिखिए।

प्र.21 एकांकी और नाटक में कोई चार अंतर लिखिए।

**अथवा**

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई चार अंतर लिखिए।

प्र.22 रामधारी सिंह 'दिनकर' अथवा सूरदास का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए –

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

(iii) कलापक्ष

(iv) साहित्य में स्थान

प्र.23 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा हरिशंकर परसाई का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार लिखिए –

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा

(iii) शैली

(iv) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए –

कारज धीरे होत है, काहे होत अधीर।
समय पाय तरुवर फलै, केतक सींचो नीर।।

**अथवा**

शांत, स्निग्ध, ज्योत्सना, उज्जवल!
अपलक अनंत, नीरव भू–तल!
सैकत शय्या पर दुग्ध–धवल, तन्वंगी गंगा, ग्रीष्म–विरल
लेटी हैं श्रांत, क्लांत, निश्चल!
तापस बाला गंगा निर्मल, शशि–मुख से दीपित मृदु करतल,
लहरे उर पर कोमल कुंतल।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए – (4)

धूपगढ़ की सांझ महाचेता के मनोमय कोश के अनुराग का राग है। दिवस की प्राण वल्लभा सांझ अपनी विराट लीला के अतिन्द्रिय सौन्दर्य से सब पर सम्मोहन का आवरण डालती है। विश्रान्ति का मलयज–चीर सबको भेंट कराती है। दिवस के संघर्ष रत सूर्य–बटोही को अपने अंक में सुला लेती है। धूपगढ़ के शीर्ष से हजारों कोसों दूर यह ममत्व उत्कर्षण पश्चिम –क्षितिज पर होता है, जिसकी विस्मय – विमुग्ध लोल–लहरियाँ तृण–लता–विटप से लेकर गिरिखोह नदी– समुद्र, महल –कुटी तक फैल जाती है।

**अथवा**

फल की विशेष आसक्ति से कर्म के लाघव की वासना उत्पन्न होती है, चित्त में यही आता है कि कर्म बहुत सरल करना पड़े और फल बहुत सा मिल जाए। श्रीकृष्ण ने कर्म–मार्ग से फलासक्ति की प्रबलता हटाने का बहुत ही स्पष्ट उपदेश दिया है, पर उनके समझाने पर भी भारतवासी इस वासना से ग्रस्त होकर कर्म से तो उदास हो बैठे और फल के इतने पीछे पड़े कि गरमी में ब्राह्मण को एक पेठा देकर पुत्र की आशा करने लगे, चार आने रोज का अनुष्ठान कराके व्यापार में लाभ, शत्रु पर विजय, रोग से मुक्ति, धन–धान्य की वृद्धि तथा और भी न जाने क्या – क्या चाहने लगे।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि अब मानव सभ्य और शिक्षित हो गया है, उस पर किसी भी प्रकार के नियमों का बंधन नहीं होना चाहिए। वह स्वतंत्र रूप से जो भी करे उसे करने देना चाहिए। लेकिन व्यक्ति को यदि यह अधिकार दे दिया जाए तो चारों तरफ वन्य जीवन जैसी अव्यवस्था हो जाएगी। मानव, मानव ही है, देवता नहीं। उसमें सुप्रवृत्तियाँ और कुप्रवृत्तियाँ दोनों ही होती हैं। मानव सभ्य तभी तक रहता है, जब तक वह अपनी सुप्रवृत्तियों की आज्ञा के अनुसार कार्य करे। इसलिए मानव के पूर्ण विकास के लिए अनुशासन आवश्यक है। अनुशासन बद्धता मानव जीवन को पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है। अनुशासन के बिना तो मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

प्रश्न –

(i) मानव के विकास के लिए क्या आवश्यक है? (1)

(ii) अनुशासन–बद्धता से क्या लाभ है? (1)

(iii) 'स्वंतत्र' शब्द का विलोम लिखिए। (1)

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (2)

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.27 हाईस्कूल परीक्षा में प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए। (6)

**अथवा**

नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपके मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

प्र.28 (i) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए – (7)

(अ) जीवन में खेलों का महत्व

(ब) समाचार पत्रों की उपयोगिता

(स) राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

(द) प्रगति की ओर भारत के कदम

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए – (3)

(अ) राष्ट्रीय एकता

(ब) परोपकार

(स) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(द) इन्टरनेट : आज की आवश्यकता

..........................................................

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com